कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 27.01.2024

विषय:- नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त मो. नसीम उर्फ कल्लू थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में "**आपरेशन चक्रव्यूह**" अभियान के तहत थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद करते हुए मु0अ0सं0- 49/2025 धारा 137(2) बी0एन0एस0 में वांछित अभियुक्त मोहम्मद नसीम उर्फ कल्लू पुत्र मुबारक निवासी नरपतपुर थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी को दिनांक- 26.01.2025 को समय करीब 16.35 बजे कादीपुर रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना का विवरण- दिनांक 20-1-2025 को वादी मुकदमा द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि मेरी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री दिनांक 19-1-25 को रात्रि लगभग 10 बजे घर से गायव हो गयी काफी खोजबीन के बाद पता चला कि नसीम उर्फ कल्लू मेरी पुत्री को लेकर अन्यत्र कही लेकर चला गया है, प्राप्त प्रा.पत्र के आधार पर थाना चौबेपुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 उ.नि. टुन्नू सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है।

बरामदगी का विवरण- अपहृता/पीड़िता उम्र करीब 17 वर्ष।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

मोहम्मद नसीम उर्फ कल्लू पुत्र मुबारक निवासी नरपतपुर थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी उम्र 18 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

कादीपुर रेलवे स्टेशन के पास से, दिनांक- 26.01.2025 को समय करीब 16.35 बजे ।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0- 49/2025 धारा 137(2) बी0एन0एस0 थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ.नि. टुन्नू सिंह थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी
2. म0उ0नि0 रौशनी सिंह थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी
3. का0 मिथिलेश यादव थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी
4. का0 विशाल प्रसाद थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।